राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल को विधानसभा में हुए नवाचारों के बारे में जानकारी दी

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 3 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

श्री देवनानी ने इस दौरान राज्यपाल को विधानसभा द्वारा प्रकाशित नव वर्ष की वार्षिक डायरी भेंट की। उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा ने इस बार भारतीय नव वर्ष 2081 की शुरुआत के आलोक में डायरी का प्रकाशन किया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद अल्प समय में विधानसभा में किए गए नवाचारों की पुस्तिका भी राज्यपाल श्री बागडे को भेंट की।

राज्यपाल श्री बागडे ने भारतीय नव वर्ष से प्रारंभ विधानसभा डायरी देख प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने डायरी में प्रत्येक महीने के आरंभ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्रों की पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की।

———